आ जाओ माँ जगदम्बे तेरे भगत खड़े तेरे द्वार लिरिक्स

आ जाओ माँ जगदम्बे,
तेरे भगत खड़े तेरे द्वार,
पुकारें तुमको बारम्बार,
आ जाओ मां जगदम्बे।bd।

तर्ज – आजा रे परदेसी।

तुम मैया हम बालक तेरे,
कष्ट हरो सब मैया मेरे,
तड़फत हूँ मैं सांझ सबेरे,
आ जाओ मां जगदम्बे।bd।

बार बार तेरा रूप निरखते,
फिर भी न ये नैना थकते,
साल महीने से पल कटते,
आ जाओ मां जगदम्बे।bd।

पूजा अर्चना मैं क्या जानू,
तू है माँ बस इतना जानू,
तुमको अपना सबकुछ जानू,
आ जाओ मां जगदम्बे।bd।

मातु भवानी दुर्गे मैया,
पार करो मेरी जीवन नैया,
तुम बिन दूजा कौन खिबैया,
आ जाओ मां जगदम्बे।bd।

जय जय जय जगदम्बे माता,
दरश बिना मनवा आकुलता,
आजा आ राजेन्द्र बुलाता,
आजाओ मां जगदम्बे।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

आ जाओ माँ जगदम्बे,
तेरे भगत खड़े तेरे द्वार,
पुकारें तुमको बारम्बार,
आ जाओ मां जगदम्बे।bd।

गीतकार / गायक – राजेन्द्र प्रसाद सोनी।
8839262340

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com